हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 13 मई 2024

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

11 राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत दसवीं का पहला परिणाम घोषित



11 चीका में टूटे सांकेतिक बोर्ड शहर को बना रहे बदनुमा



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला कर दो भाई किए घायल

**जींद।** गांव बेरीखेड़ा में रंजिश के चलते दो भाइयों पर हमला कर घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बेरीखेड़ा निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही अनिकेत से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते आरोपितों ने उसके भाई नीरज पर खेत में हमला कर दिया। जब वह अपने भाई को बचाने पहुंचा तो आरोपितों ने उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। जिसमें दोनो भाइयों को काफी चोटें आई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दीपक की शिकायत पर नीरज, अनिकेत, अमित, आशीष के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### विवाहिता से दुष्कर्म कर दिया जहरीला पदार्थ

**कैथल।** कस्बा ढांड के एक होटल में एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कुरुक्षेत्र के एक गांव की 30 वर्षीय विवाहिता ने ढांड थाना में शिकायत दी कि उसी के गांव के जयभगवान से उसकी जान-पहचान थी। 28 अप्रैल को आरोपी उसे गांव से ढांड के एक होटल में ले आया। वहां पर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और जहरीला पदार्थ पिला दिया, लेकिन वह बच गई।

### दो ट्रकों की भिडंत में क्लीनर की मौत

**जींद।** गांव लोहचब के निकट सफीदों रोड पर दो ट्रकों की भिडंत में ट्रक क्लीनर की मौत हो गई। जबकि चालक घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के जीजा की शिकायत पर फरार दूसरे ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हसनगढ़ हिसार निवासी कृष्ण अपने साथी क्लीनर गांव लुदेशर निवासी सतबीर के साथ ट्रक में बरवाला से गिट्टी भर कर पानीपत के लिए रवाना हुआ था। सतबीर अपनी साइड में सोया हुआ था। गांव लोहचब के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनके ट्रक को टक्कर मार दी। जिसमें क्लीनर सतबीर की मौत हो गई।

## 498 अंकों के साथ पल्लवी रही स्कूल में प्रथम

- छात्रा की इस उपलब्धि से परिवार में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हसनपुर आरोही माडल सीनीयर सेंकेडरी स्कूल की छात्रा पल्लवी ने 500 में से 498 अंकों के साथ 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्रा के माता-पिता ने इसका श्रेय स्कूल स्टाफ विशेषकर प्राचार्या ममता शर्मा को दिया है। स्कूल प्राचार्या ममता शर्मा ने बताया कि पल्लवी के पिता कटवाल निवासी सतीश एक किसान हैं, जबकि माता सुनिता ग्रहणी है। पल्लवी ने स्कूल हास्टल में पढाई कर यह उपलब्धि हासिल की है। पल्लवी ने सरकारी स्कूलों में शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को पटकनी देते हुए 498 अंक हासिल करके यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। छात्रा पल्लवी ने बताया उसको पूरा विश्वास था कि प्रदेश में एक अच्छा स्थान हासिल करेगी।

### मालवी के किसान के बेटे ने 10वीं की परीक्षा में पाए शत प्रतिशत अंक

**जुलाना।** रविवार को 10वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। परिक्षार्थियों ने टकटकी लगाकर फोन में अपना परिणाम देखा। क्षेत्र के मालवी गांव के किसान के बेटे प्रवेश ने दसवीं की परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रवेश के परिणाम को लेकर गांव ही नही बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। प्रवेश के पिता राजेश एक छोटे किसान हैं। खेती बाड़ी और पशुपालन से अपने परिवार का पेट पालते हैं। प्रवेश की माता नरेश एक गृहणी हैं। प्रवेश जुलाना के एक नीजि स्कूल में पढ़ रहा है। प्रवेश के ताऊ शमशेर पाराशर ने बताया कि उनके परिवार का सपना है कि उनका बेटा बड़ी नौकरी करे। प्रवेश ने उनके सपने को साकार करने के लिए मेहनत की और आगे भी लगा हुआ है। प्रवेश ने बताया कि वह सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना चाहता है।



प्रवेश शर्मा

#### सोशल मीडिया से बनाई दूरी और पाया मुकाम

प्रवेश ने बताया कि वह रात को 10 बजे तक पढ़ाई करता था। स्कूल से आने के बाद घर के सदस्य उसे काम नही करने देते थे बल्कि पढ़ाई पर ही जोर देते थे। प्रवेश के दादा रामनिवास सरकारी स्कूल से हेडमास्टर के पद से रिटायर्ड हैं जोकि उनकी पढ़ाई में मदद करते थे और रोजाना सुबह चार बजे उठा देते थे और पढ़ाई करने के लिए बोलते थे। प्रवेश ने बताया कि वो सोशल मीडिया से दूर रहता है। जब बहूत जरूरी होता तभी मोबाइल देखता है।

### गीता विद्या मंदिर की 80 में से 79 मेरिट

**उचाना।** शहर के सबसे पुराने स्कूल गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी का दसवीं कक्षा का परिणाम हर बार की तरह शानदार रहा। 80 विद्यार्थियों में से 79 ने मेरिट प्राप्त की। प्राचार्या सविता सिंगला, प्रधान सुरेंद्र जैन ने बताया कि मंजीत पुत्री सुरेश उचाना खुर्द, जैविका पुत्री वजीर उचाना खुर्द ने 500 में से 495 अंक प्राप्त किए है। 21 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत, 39 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 13 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक, 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल, क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बेहतर परिणाम आने पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित करके विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली वर्षा रही हरियाणा में टॉप-5 में

**उचाना।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा का शानदार रहा। छात्रा वर्षा पुत्री सुखदेव भौंगरा ने 496 अंक प्राप्त करके प्रदेश में टॉप-5 में स्थान प्राप्त किया तो उचाना ब्लॉक में प्रथम स्थान पर रही। वर्षा ने कहा कि उसका सपना डॉक्टर बनने का है। ये सपना वो सरकारी स्कूल में ही पढ़ाई करके पूरा करेंगी। सरकारी स्कूल को लेकर जो धारणा अभिभावकों को है वो गलत है। सरकारी स्कूल के विद्यार्थी निरंतर परीक्षाओं में स्थान प्राप्त कर स्कूल, क्षेत्र का नाम रोशन करते है। रूचि पुत्री सुशील भौंगरा ने 490 अंक प्राप्त करके हरियाणा टॉप-10 में अपना स्थान बनाया। इस सफलता का श्रेय दोनों छात्राओं ने अपने माता-पिता एवं स्कूल स्टॉफ को दिया। रूचि ने कहा कि वो भी गांव के सरकारी स्कूल में ही पढ़कर डॉक्टर बनने का सपना पूरा करेंगी।

## चार दिन बाद युवक का शव हिसार के निकट गांव न्याणा नहर में मिला

# दोस्त के भाई की शादी में आए युवक की हत्या कर नहर में डाला

- मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या तथा शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज
- गांव ढाणा महेंद्रगढ जिले का हरीश दोस्त के साथ गत आठ मई को आया था गांव झील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव झील में दोस्त के भाई की शादी में शामिल होने आए युवक का शव हिसार के गाव न्याणा के नहर बरामद हुआ है। युवकी हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने की नियत से नहर में डाला गया था। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाणा जिला महेंद्रगढ़ निवासी हरीश (25) गुररूग्राम मे नौकरी करता था। गत आठ मई को वह अपने दोस्त गांव झील निवासी विकास के भाई की शादी में शामिल होने के लिए आया था। जिसके बाद हरीश का कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने छानबीन की तो पता चला कि नौ मई शाम को हरीश तथा विकास बाइक लेकर गांव डोहानाखेड़ा विकास के चाचा के पास जाने की बात कह कर निकले थे। हरीश नहर के निकट उतर गया और पैदल घर आने की बात कही। जिसके बाद से हरीश का कोई सुराग नहीं लगा। जिस पर हरीश के परिजनों ने हरीश के गायब होने की शिकायत कनीना थाने में दी गई थी। इसी बीच सूचना मिली कि गांव न्याणा हिसार के निकट नहर से युवक का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने जब हिसार नागरिक अस्पताल जा कर शव का देखा तो वह हरीश का था। मृतक के शव पर कपड़े के नाम पर केवल अंडरवीयर था। उसके कपडे.तथा मोबाइल फोन गायब थे। मृतक के पिता महेंद्र ने आरोप लगाया कि उसके बेटे हरीश की किसी व्यक्ति ने हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने की नीयत से नहर में डाला है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के पिता महेंद्र की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या करने तथा शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### मामला दर्ज

सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी रिषीपाल ने बताया कि हिसार सदर थाना से जीरो एफआईआर मिली थी। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटो : हरिभूमि

## कहासुनी के चलते बुजुर्ग की लठ मारकर हत्या

- मृतक के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने युवक पर दर्ज किया हत्या का मामला
- गली में लगे सीसीटीवी से हुई हत्यारे की पहचान, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव साहनपुर में बीती रात कहासुनी के चलते एक युवक ने सड़क पर टहलने निकले बुजुर्ग व्यक्ति की लठ मार कर हत्या कर दी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव साहनपुर निवासी वीरभान (68) बीती देर रात खाना खा कर सड़क पर टहलने निकला था। जिसके बाद काफी देर तक वापस घर नही आया। किसी राहगीर ने उसके परिजनों को सूचना दी कि वीरभान खून से लथपथ सड़क पर पड़ा हुआ है। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो वीरभान की मौत हो चुकी थी। नजदीक ही खून से सना लठ पड़ा हुआ था। जिससे साफ जाहिर था कि वीरभान की सिर में लठ मार कर हत्या की गई थी। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मौके से मिले लठ को कब्जे में ले शव का नागरिक अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने जब गली में लगे सीसी टीवी कैमरे को खंगाला गया तो गांव का ही संजय दो बार आता जाता दिखाई दिया। जब परिजनों ने संजय के घर जाकर उसके बारे में पूछा तो वह घर से गायब मिला। बताया जाता है कि पहले वीरभान के साथ समय की कहासुनी हुई थी। वीरभान उसे उसके मकान के सामने छोड़ आया था। कुछ समय के बाद संजय सड़क पर टहल रहे वीरभान के पास पहुंचा और उसके सिर में लठ दे मारे। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के बेटे विनोद की शिकायत पर आरोपित संजय के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी आत्माराम ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की घर पकड़ के लिए पुलिस टीमे छापेमारी कर रही है।



जींद। सदर थाना में जुटे परिजन। फोटो : हरिभूमि



मृतक वीरभान का फाइल फोटो।

- खाना खाने के बाद देर रात को सड़क पर टहलने निकला था मृतक बुजुर्ग

## नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन युवक की संदिग्ध मौत

- नशामुक्ति केंद्र संचालकों पर मृतक की तबीयत खराब होने पर अनदेखी करने का आरोप
- नशामुक्ति केंद्र के चार संचालकों पर लापरवाही से मौत का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड नशा मुक्ति केंद्र में नशा छुड़ाने के लिए भर्ती व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि नशा मुक्ति केंद्र संचालकों तथा स्टाफ की लापरवाही के कारण युवक की मौत हुई है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के ममरे भाई की शिकायत पर नशा मुक्ति केंद्र संचालक समेत चार लोगों के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया है। मूलतः गांव निडानी हाल आबाद हैबतपुर निवासी सुमित (31) को परिजनों ने चिट्टे की लत के चलते इलाज के लिए गत दो मई को भिवानी रोड के नशामुक्ति केंद्र सेवाधाम में भर्ती करवाया था। जहां पर रविवार सुबह सुमित की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के ममेरे भाई सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह सुमित के हाथ पांव मुड गए थे। कोशिश करने पर वह होश में आ गया। फिर नशा मुक्ति केंद्र संचालक व स्टाफ को सुमित को चिकित्सक के पास ले जाने के लिए कहा लेकिन उन्होंने गंभीरता से नही लिया। जिसके बाद सुमित को तीसरी बाद दौरा आया। नशामुक्ति केंद्र संचालक बहाना बनाने की बात कह कर उनकी बातों को अनसुना करते रहे।



सुमित का फाइल फोटो।

#### लापरवाही का आरोप

शहर थाना के जांच अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि मृतक के परिजनों ने नशामुक्ति केंद्र सचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल नशामुक्ति केंद्र संचालकों के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## नाबालिग लड़की को बालिका वधु बनने से बचाया

- बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम ने अपनी सतर्कता से एक बालिका को वधु बनने से बचाया है। टीम ने नाबालिग की शादी को रूकवा और साथ ही परिजनों को फिर से विवाह न करने के लिए चेताया। सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान को सूचना मिली थी कि शहर के अपराही मोहल्ला में एक नाबालिग लडक़ी की शादी हो रही है और लडक़ी की बारात सोनीपत से आएगी। इस पर कार्रवाई करते हुए सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान, महिला सिपाही आरती, नीलम, सिपाही सुरेंद्र, प्रवीण के साथ मौके पर विवाह स्थल पर पहुंचे। इस पर लड़की के परिवार वालों से लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों ने पहले तो टाल मटोल करने की कोशिश की और शादी ना होने की बात कही लेकिन जब मौके पर अन्य मौजिज व्यक्तियों को बुलाया गया तो लगभग दो घंटे के बाद जो सबूत दिखाए गए उसमें लडक़ी की उम्र साढे.17 वर्ष मिली। इस पर उसके परिजनों ने बताया कि लड़की के माता-पिता अनपढ़ हैं। जोकि 'यादातर बीमार रहते हैं और उसे किसी कानून की कोई जानकारी नही है। इसलिए वह गलती से ऐसा कर रहे थे। इस पर सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने परिजनों को समझाया गया कि आपकी लडक़ी नाबालिग है।



जींद। बयान कलमबद्ध करते हुए टीम।

- लड़की के जन्म संबंधित कागजों में लड़की निकली नाबालिग
- परिजनों को बाल विवाह कानून की दी जानकारी

### महिला की गर्दन पर पिस्तौल रखकर जेवर लूटने में महिला सहित 3 गिरफ्तार

**कैथल।** ढांड में एक महिला की गर्दन पर पिस्तौल रखकर मारपीट कर जेवर लूटने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एसआई हरपाल सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सांसा गुजरां जिला पटियाला निवासी अजय, गांव चन्ना जिला पटियाला निवासी गर्व गीर तथा अर्बन एस्टेट पटियाला निवासी महिला आरोपी जसप्रीत कौर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ढांड निवासी एक महिला की शिकायत अनुसार 17 अप्रैल को सुबह साढ़े नो बजे वह अपनी 14 वर्ष की बेटी को साथ लेकर रेलवे स्टेशन के नजदीक गोबर के उपले बनाने के लिए गई हुई थी। जब वह वहां से वापस आ रही थी और ढांड-पिहोवा रोड के साथ लगते खेतों में जाने वाले रास्ते पर आई तो उसी समय एक सफेद रंग की गाड़ी उनके पास रुक गई। गाड़ी में चार नौजवान लड़के और एक औरत बैठी हुई थी। इनमें से तीन लड़के नीचे उतरकर उससे पूछने लगे कि पिहोवा का रास्ता कौन सा है।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव कुरड़ में जमीनी विवाद को लेकर के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में लाठी डंडों के साथ धारदार हथियार चलने के कारण एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर एंबुलेंस के माध्यम से सफीदों के नागरिक स्थल में भर्ती करवाया गया है। आरोपित मारपीट करने के बाद मौके से फरार हो गए। घायलों की पहचान सतपाल उर्फ सत्ता, उसका बेटा युद्धवीर व राम अवतार, सत्ता की बहन व उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। जिनको सफीदों के नागरिक स्थल से प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया है। मामले की सूचना पुलिस को द दी गई है सूचना मिलते ही पुलिस की 112 गाड़ी का घटना स्थल पर पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार घायल सतपाल उर्फ सत्ता व उसके भाई रोहताश जोकि पुलिस में है, दोनों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। रविवार को दोनों पक्षों में इस विवाद को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी बातचीत के बीच दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि रोहतास ने बाहर से आदमी बुलाए हुए थे और उन आदमियों के द्वारा सत्तपाल पक्ष पर लाठी डंडों व तेजधार हथियारों से हमला बोल दिया।





नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल।

## कार तालाब में गिरी, पत्रकार की मौत

- पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव रधाना के निकट तालाब में एक कार असंतुलित होकर गिर गई। जिसमें जींद के एक पत्रकार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। रविवार को पुलिस ने नागरिक अस्पताल में मृतक पत्रकार के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रधाना निवासी अजय पवार (31) एक निजी टीवी चैनल में बतौर पत्रकार कार्यरत था। शनिवार रात को काम निपटा कर अजय अपनी आई टेन कार से गांव रधाना वापस लौट रहे थे। जैसे ही अजय गांव के निकट पहुंचा तो कार अनियंत्रित होकर गांव के पास बने तालाब में जा गिरी। आसपास मौजूद लोगों द्वारा अजय को नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक अजय अपने पीजे माता, पिता, पत्नी व एक पांच वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं। घटना का जैसे ही पता चला तो जींद जिला के पत्रकार नागरिक अस्पताल पहुंच गए और शोक व्यक्त किया।



जींद। तालाब में पलटी पत्रकार की कार। फोटो : हरिभूमि

### दादियों का स्वागत करके लिया आशीर्वाद

## श्री श्याम बाल वाटिका में मदर्स-डे पर उत्सव समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल ने मदर्स-डे के मौके पर एक अनोखा और यादगार उत्सव आयोजित किया। इस उत्सव में न सिर्फ माताओं के लिए बल्कि दादियों के लिए भी विशेष प्रतियोगिताएं रखी गई। दादीयों ने अपने पारंपरिक वस्त्र में रैंप वॉक करते हुए अपने अनुभव को साझा किया, स्टेज पर डांस भी किया जिससे उन्हें अपने बचपन की याद आ गई। इस उत्सव में सभी मेहमानों से एक मिनट का गेम भी खिलाएं गए और मांओं ने अपने बच्चों के साथ अपने बेहतरीन पलों को सभी के साथ सांझा किया। कुछ माताओं ने कविताएं भी सुनाई जो सभी को बहुत पसंद आई। प्रतियोगिता का फैसला प्रतिष्ठित रिटायर्ड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मैडम प्रणिता माधोक ने किया। जिन्होंने प्रतियोगियों की प्रतिभा को बहुत बखूबी से समझा। उत्सव की शुरुआत वेलकम सॉंग से हुई फिर कुछ बच्चों ने अपनी माताओं के बारे में लिखी कविताएं सुनाई। स्कूल के विद्यार्थियों ने एक नाटक भी प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था माँ की ममता। इसमें सामाजिक मुद्दे उठाए गए जैसे कि बुढ़ापे में माता.पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देना। उनकी सेवा नहीं करना। प्रधानाचार्या 'योति अरोड़ा ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और प्रदर्शित की गई कला को सराहा। बेस्ट ग्रैंडमम का खिताब मिस्टी की दादी ओमवती को और बेस्ट मोम का खिताब आरव आरना की मम्मी डिंपी ने जीता। दादियों में द्वितीय स्थान पर वेदांत की दादी सुनीता और तृतीय स्थान पर अथर्व की दादी नीलम जी रहीं।

माओं में अद्वित की मम्मी ममता और युवान की मम्मी हर्षिका को द्वितीय और तृतीय पुरस्कार मिला । जो प्रतियोगी बाकी रहे उन सबको भी पुरस्कार दिया गया। वन मिनट गेम्स में ढ़ीप विजेता रहे सभी प्रतिभागियों को स्पेशल पुरस्कार दिए गए। इसके बाद डायरेक्टर कृष्ण अरोड़ा ने आए हुई सभी माताओं को इस खास दिन की बधाई दी और श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल की पूरी टीम का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तह दिल से धन्यवाद किया।



नरवाना। छोटे बच्चों के बाल ठीक करते हुए उनकी दादी मां। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### ओम स्कूल दरोली की 38 में से आई 35 मेरिट

**उचाना।** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दरोली खेड़ा का हरियाणा शिक्षा बोर्ड का दसवीं कक्षा परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है। 38 विद्यार्थियों में से 35 ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल एमडी शर्मिली श्योकंद एवं प्राचार्या डिंपल अरोड़ा ने बताया कि 486अंक लेकर तमन्ना प्रथम, 474 अंक लेकर जतिन दूसरे एवं 466 अंक लेकर मुस्कान तीसरे स्थान पर रही।

### बहू को पीटने पर चाचा समेत चार पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव मोरखी में मकान निर्माण के दौरान चाचा ससुर ने परिवार के साथ मिल हमला कर महिला को घायल कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोरखी निवासी नवीन देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह मकान का निर्माण कर रही है। उसका चाचा ससुर धीरा मिस्त्री के साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो धीरा तथा उसके परिवार ने हमला कर दिया।

### शैलजा व सुरजेवाला के कई गांवों में दौरे 15 को

**नरवाना।** नप के पूर्व प्रधान एवं प्रदेश कांग्रेस सेवा समिति के सदस्य कैलाश सिंगला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की सिरसा लोकसभा प्रत्याशी बहन कुमारी शैलजा व राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला 15 मई को नरवाना हलके के कई गांवों में जाकर दौरे करेंगे और जनसंपर्क करेंगे। सिंगला ने बताया कि दौरे की शुरुआत दनोदा कलां गांव में बिनैन खाप के ऐतिहासिक चबूतरे से की जाएगी। यहां ठीक 9 बजे जनसभा शुरू होगी।

### डा. अजय सिंह चौटाला 13 को करेंगें जनसंपर्क

**नरवाना।** आगामी 13 मई को जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अजय सिंह चौटाला नरवाना हल्के के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाऐंगे। जेजेपी प्रैस प्रवक्ता जयभगवान अमरगढ़ ने बताया कि डॉ0 अजय सिंह चौटाला सोमवार को सुबह 10 बजे दनौदा, 10:30 बजे भिखेवाला, 11 बजे अमरगढ़, 11:30 बजे लोहचब, 12 बजे धमतान साहिब, 12:30 बजे धरौदी, 1 बजे हमीरगढ़, 1:30 बजे खरल, 2 बजे धनौरी, 2:30 बजे बरटा, 3 बजे कोयल, 3रू30 बजे उझाना, 4 बजे अम्बरसर व 4:30 बजे बेलरखा के ग्रामीणों से रूबरू होंगे।

### रैंपवॉक में पूजा एवं निशा रही प्रथम स्थान पर

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में मातृ दिवस मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या रितु अत्री ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। विभिन्न प्रतियोगिता स्कूल में आयोजित की गई। मां पर आधारित गीत, कविता प्रस्तुत की गई। रैंपवॉक में पूजा एवं निशा ने प्रथम, बबीता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में चंचल, गुब्बारे फुलाने में मोनिका एवं बालपास में सुदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## हरियाणा बोर्ड भिवानी ने घोषित किया दसवीं का परीक्षा परिणाम, जिले के होनहार छाए

# प्रदेश में 97.29 पास प्रतिशतता के साथ जींद 5वें स्थान पर

मालवी के प्रवेश ने परीक्षा में पाए शत-प्रतिशत अंक, स्कूल प्रबंधनों के खिले चेहरे, मिठाई खिला बच्चों की करी हौंसला अफजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा रविवार को दसवीं कक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। 97.29 पास प्रतिशतता के साथ जींद जिला प्रदेशभर में पांचवें स्थान पर रहा। जींद में कुल 16430 बच्चों ने परीक्षा दी। जिसमें से 15,984 बच्चे पास हुए। जबकि 353 विद्यार्थियों की ईआईओपी यानि इंप्रूवमेंट ऑफ प्रॉफोमेंस की श्रेणी में आए हैं। जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ तो स्कूल प्रबंधनों के चेहरे खिल गए। मालवी के प्रवेश ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 98.35 प्रतिशत के साथ पंचकूला पहले, रेवाड़ी जिला 97.60 प्रतिशत के साथ दूसरे, 97.53 प्रतिशत के साथ महेंद्रगढ़ तीसरे, 97.45 प्रतिशत के साथ चरखी-दादरी चौथे स्थान पर रहा। वहीं पिछले साल जिला के 16570 विद्यार्थियों में से 12185 विद्यार्थी पास हुए थे। 1719 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई थी व 2669 विद्यार्थी फेल हो गए थे। जिले का ओवरऑल 73.52 प्रतिशत रिजल्ट रहा था और जींद जिला प्रदेश में आठवें स्थान पर था। पिछले साल जिले से 8166 लड़कियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 6341 लड़कियां पास हुई थी। जबकि 794 लड़कियों को कंपार्टमेंट व 1031 फेल हो गई थी। लड़कियों का 77.65 प्रतिशत रिजल्ट रहा था।



जींद। रोहिला स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर झूमते हुए बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### रोहिला स्कूल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 62 बच्चों में से 36 मैरिट में



जतिन वर्मा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में रोहिला स्कूल जुलाना के बच्चों ने इस बार भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 62 बच्चों में से 36 ने मैरिट और 11 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। गणित तथा शारीरिक शिक्षा में अनेक बच्चों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि साइंस तथा सामाजिक में 99-99 अंक सर्वाधिक रहे। अंग्रेजी व हिंदी में 98-98 अंक अधिकतम रहे। मुख्याध्यापिका निर्मल रोहिला अनुसार जतिन वर्मा ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रथम, वंदना तथा जिया सिंहरोहा गांव हथवाला ने 475-475 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा वंदना बंसल ने 471 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय स्टाफ , विद्यार्थियों एवं अभिभावकगण को बहुत-बहुत बधाई दी।

### नेहा 497 अंक लेकर रही प्रथम



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहिरका के 114 छात्रों परीक्षा दी थी। जिसमें से 99 बच्चे मेरिट में रहे। जिनमें 56 बच्चों के अंक 90 प्रतिशत से ऊपर रहे। स्कूल में प्रथम स्थान पर नेहा 497 अंक लेकर रही। द्वितीय स्थान पर प्रगति 496 अंक व हिमांशी 496 और तृतीय स्थान पर अनन्या 495 अंक लेकर रही। स्कूल प्रबंधक वजीर सिंह ढांडा व प्रधानाचार्य श्रीमती सुधा शर्मा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### छोटूराम स्कूल गतौली का परिणाम रहा शानदार

जुलानाक्षेत्र के गतौली गांव के छोटूराम स्कूल का 10 वीं की परीक्षा का परिणाम बेहरीन रहा। परिणाम आने पर स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए जितेंद्र ढांडा ने कहा कि 46 छात्रों में से 42 छात्रों को मैरिट आई है। पांच छात्रों ने 95 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त किए। 11 छात्रों ने 90 से 95 प्रतिशत और 20 छात्रों ने 80 से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



जींद।मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्कूली स्टाफ। *फोटो: हरिभूमि*

### डीएन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं में रचा इतिहास

10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के घोषित हुए परीक्षा परिणाम में डीएन मॉडल स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र अंकित ने 496 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल, तन्नु, उज्ज्वल, लक्षित ने 495 अंकों के साथ सयुंक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। रेमन व तमन्ना ने 494 अंको के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्वेता 493, पूनम 492, वंशिका 491, शुभम 490, समीक्षा 489, श्रुति 488, दिनेश 487, वंशिका 486, सोहित 486, दिपांशु 485, साक्षी 485, नैंसी 482, सौरभ 482, पंकज 482, प्राची 479, हर्ष 479, प्रीति 477, तमन्ना 477, दीपक 476, मुस्कान 475, अंक प्राप्त शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने बताया कि विद्यालय के 75 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें से 63 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया। जिसमें से 27 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बधाई दी।







### बाल विकास स्कूल का परिणाम रहा बेहतरीन

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभी विद्यार्थी उतीर्ण रहे व 41 बच्चे मेरिट सूची में रहे। विद्यालय के दो विद्यार्थी आर्यन व स्वाति ने 495 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान ने 492 अंक प्राप्त किए। कशिश ने 488 अंक प्राप्त किए। ईशु, कोमल व आदेश ने 487 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने गणित में 100 अंक प्राप्त किए व सामाजिक विज्ञान व शारीरिक शिक्षा में चार विद्यार्थी व विज्ञान विषय में तीन विद्यार्थियों ने 100 अंक प्राप्त किए।

## जून में होगी योगासन खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन की बैठक डा. धर्मदेव विद्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि चौथी जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जींद की योग प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में जून के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। योगासन को अब ओलंपिक में सम्मलित कर लिया गया है। जिसमें बच्चों का भविष्य ओर भी उज्व्वल बनाएंगे और पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन करेंगे। इस प्रतियोगिता में 12 इवेंटों की प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिसमें 10 से 14 सब जूनियर लड़के व लड़की, 14 से 18 जूनियर लड़के व लड़की, 18 से ऊपर सीनियर वर्ग के युवक व युवती, 36 से 48 मास्टर वर्ग, 48 से 55 आयु वर्ग में महिला व पुरुष वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी प्राइवेट, सरकारी स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय तथा अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी भी भाग ले सकते हैं। बैठक में संगठन के अध्यक्ष डा. महेश आशरी, उप प्रधान रामनारायण आर्य, नवीन वत्स, राजसिंह देशवाल, अशोक कुमार, बलजीत आदि मौजूद रहे।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए एसोसिएशन सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### स्कूल का परिणाम रहा अव्वल

**सफीदों।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल रिजल्ट अव्वल स्थान पर रहा है। स्कूल के महासचिव सुभाष जैन ने बताया हरियाणा बोर्ड का स्कूल एजुकेशन भिवानी द्वारा जारी 10वीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। सुभाष जैन ने बताया कि स्कूल के बच्चों ने 27 मेरिट, 13 फर्स्ट डिवीजन व तीन ने सेकेंड डिवीजन प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। इसके अलावा 11 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 11 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल की छात्रा भूमि ने 99 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, रितिका ने 97.6 प्रतिशत व परमजीत ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## नैना चौटाला के काफिले पर हमले की निंदा

- खाप प्रतिनिधियों, सामाजिक लोगों ने कहा प्रजातंत्र में इस तरह के विरोध की नहीं है कोई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



अनिल शर्मा



सोमदत्त शर्मा

जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला के काफिले पर हुए हमले के बाद काफिले पर हमले की घटना की खाप, पंचायतों के साथ-साथ बुद्धजीवी लोगों ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि प्रजातंत्र में विरोध के तरीके बहुत है लेकिन किसी उम्मीदवार के काफिले पर ईंट, पत्थर से हमला करने के साथ-साथ महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करना सरासर गलत है। खाप, पंचायतों ने हमेशा महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। महिलाओं के हकों के लिए फैसले लेने का काम किया है। इस तरह की घटना ने महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है। दाड़न खाप ब्राह्मण समाज चौबीसी के प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि प्रजातंत्र में विरोध करने के बहुत तरीके होते है। जिस पार्टी के खिलाफ कोई है तो वो उस नेता के कार्यक्रम में न जाए, प्रजातंत्र का महापर्व है अपना वोट जिस पार्टी, नेता को आप देना चाहते हो दे सकते है। सरेआम महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की करना, बदलसलूकी करने के साथ-साथ ईंट-पत्थर से काफिले पर हमला करना निंदनीय है। थुआ तपा के महासचिव सोमदत्त शर्मा ने कहा कि जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला के काफिले पर रोज खेड़ा में जो घटना घटी उसकी घोर निंदा करते है। थुआ ने कहा कि इस तरह का विरोध करने का कोई भी आदेश खाप, पंचायतों ने नहीं दिया है। घोघड़िया के अंदर 15 के आस-पास गांवों की पंचायत भी शनिवार को हुई थी। खाप पंचायतों द्वारा इस तरह के विरोध करने का कोई फैसला नहीं कर रखा है। किसी नेता से अगर सवाल जबाव करना है तो उसका तरीका सभ्य होना चाहिए। हुड़दंग बाजी, हिंसात्मक घटना जो घटी है उसको लेकर खापों की तरफ से कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

## रायचंदवाला स्कूल के छात्रों की कामयाबी पर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायचंदवाला का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के 35 छात्रों ने परीक्षा दी और परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पांच छात्रों ने मैरिट में स्थान बनाया। 11 छात्रों ने प्रथम श्रेणी व 13 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की। योगेश ने 453 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, मुबारक ने 419 अंक प्राप्त कर द्वितीय, मुस्कान ने 386 अंक प्राप्त कर तृतीय व शिवानी ने भी 386 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य डा. अनीता श्योराण ने इस शानदान परीक्षा परिणाम के लिए पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी।



योगेश



मुबारिक



मुस्कान



शिवानी

## नव दुर्गा स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। स्कूल के 138 विद्यार्थियों में से 105 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया। कीर्ति शर्मा पुत्री महावीर शर्मा ने 500 में से 495 अंक प्राप्त करके प्रथम, नितिन सेन पुत्र जसबीर सेन ने 500 में से 487 अंक प्राप्त करके दूसरा, वंशिका गर्ग पुत्री पवन कुमार गर्ग ने 500 में से 486 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। राहुल वर्मा पुत्र संजय कुमार वर्मा ने 500 में से 485 अंक प्राप्त करके चौथा स्थान तथा मदन पुत्र धर्मबीर ने 484 अंक प्राप्त किए तथा लक्ष्य पुत्र परवीन कुमार ने 483 अंक प्राप्त किए। इस शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमैन शिव नारायण शर्मा व प्रधानाचार्य मदनमोहन कौशिक ने सभी अध्यापकों, अभिभावकों व सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। शिव नारायण शर्मा ने शानदार परीक्षा परिणाम आने का श्रेय प्रधानाचार्य मदन मोहन कौशिक, स्टाफ तथा विद्यार्थियों की लगन व मेहनत को दिया तथा उनके उ'जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों का फूल माला डाल कर उनका स्वागत किया गया तथा इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय में लड्डू बांटे गए।



जींद। शानदार परीक्षा परिणाम आने पर बच्चों का मुंह मीठा करवाते हुए शिवनारायण शर्मा।





जींद। कार्यशाला में स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी और अध्यापक व अध्यापिकाएं।

### सुप्रीम स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन प्राचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन डा. बानी गोदारा फ्रीलांसर (हिसार) तथा ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत की प्राचार्य डा. किरण दलाल प्राचार्य द्वारा किया गया। रिसोर्स पर्सन द्वारा कार्यशाला के दूसरे दिन प्रश्न पत्र तथा उसके ब्लूप्रिंट के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया कि प्रश्नों का स्थान किस प्रकार निर्धारित करना है। इस दिन रिसोर्स पर्सन द्वारा अध्यापकों से स्मार्ट पर आधारित प्रश्न पत्र तथा ब्लूप्रिंट तैयार करवा कर उन पर चर्चा की गई। अध्यापकों को शिक्षा की नई पद्धति जो की स्किल (एनएसक्यूएफ) पर आधारित पॉलिसी समझाई गई। स्किल बेस्ड विषयों के पेपर के अंक विभाजन के बारे में समझाया गया। इस दौरान कक्षा पहली व बारहवीं के बच्चों के लिए निर्धारित स्केल विषयों के बारे में बताया गया कि अगर बच्चा लिए गए स्किल विषयों में रुचि नहीं ले रहा तो वह छह महीने बाद उन विषयों को बदल भी सकता है। इस दौरान आर्ट, विजुअल आर्ट्स तथा परफॉर्मिंग आर्ट्स के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला के अंत में अध्यापकों को आठ समूह में बांट कर कक्षा गतिविधियां करवाई गई।

## माता भ्रामरी धाम के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जय मां बनभौरी सेवा समिति उचाना के सान्निध्य में देवभूमि बनभौरी के माता भ्रामरी धाम के लिए निःशुल्क बस गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी के पास से रवाना हुई। समिति सदस्यों एवं मंदिर पुजारी अशोक शर्मा द्वारा बस को रवाना किया गया। हर महीने शुक्ल पक्ष के पहले रविवार को देवभूमि बनभौरी के लिए बस जाती है। समिति सदस्यों ने बताया सालासर, खाटू श्याम, मथुरा सहित अन्य धार्मिक स्थलों के लिए बसें उचाना से जाती है लेकिन जो धार्मिक स्थान देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी का है यहां पर कोई भी बस सेवा श्रद्धालुओं के लिए नहीं है जिसमें एक साथ श्रद्धालु जा सकें। समिति द्वारा फैसला लिया गया है कि महीने के शुक्ल पक्ष के पहले रविवार को श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू करने का फैसला लिया है।





उचाना। बनभौरी धाम के लिए रवाना होती बस। *फोटो: हरिभूमि*



### उचाना ब्लॉक के नए प्रधान बने देवेंद्र जांगिड़

**उचाना।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला कार्यकारिणी की बैठक उचाना के नरवाना बाईपास पर हुई। उचाना खुर्द के देवेंद्र जांगड़ा ठेकेदार को उचाना ब्लॉक का प्रधान सर्वसम्मति से बैठक में चुना गया। देवेंद्र जांगड़ा ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वो उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जल्द कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रधान जोगिंद्र जांगिड़, प्रेम जांगिड़, चुन्नी जांगिड़, डॉ. रामचंद्र जांगिड़, धानी राम जांगिड़, रामनिवास एवं हरदीप मौजूद रहे।

### महर्षि दयानंद योग चिकित्सा आश्रम में हुआ वैदिक सत्संग का आयोजन

## नशे से संबंधित व्यक्ति को वोट ना दें : स्वामी रामवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महर्षि दयानंद योग चिकित्सा आश्रम में रविवार को मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन स्वामी रामवेश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पं. सुरेशचंद्र शास्त्री, विद्यासागर शास्त्री, रणबीर सिंह आर्य व मंजीत सिंह शास्त्री आदि ने भी अपने विचार रखे।

स्वामी रामवेश ने देश की राजनीति को बिखरते हुए देखकर कहा कि अब काफी संयम की जरूरत है। राजनीतिक लोगों को कई कदम आगे बढ़ कर चलना होगा। उन्होंने आर्य समाज के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे चुनाव में सही आदमी का चयन करें। एक अन्य प्रस्ताव भी पास किया गया कि नशाखोरी और नशों के तस्कर से बचा जाए और राजनीति का स्वच्छ स्वरूप बनाने के लिए नशे से संबंध रखने वाले व्यक्ति को वोट ना दें। प्रदेश की बिगड़ती हुई हालात को देखते हुए ऐसे कठोर निर्णयों पर अमल करना जरूरी है। पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री ने समस्त शारीरिक विज्ञान का निकाश योग दर्शन से बताया तथा कहा कि बारिक से बारिक विद्या योग दर्शन में उपलब्ध है। राजनीतिक लोगों को भी इस पर अमल करना चाहिए। अष्टचक्र-नवद्वार आदि नाड़ी तंत्र का वर्णन करते हुए योग दर्शन के विषयों पर प्रकाश डाला। मंजीत शास्त्री ने हवन करवाया और यज्ञ की महिमा के बारे में भी विस्तार से बताया। विद्यासागर शास्त्री व रणबीर आर्य ने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्त में सभी कार्यकर्ताओं ने षि लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पानगिरी गोस्वामी, रघुवीर सिंह मलिक, राजेंद्र सिंह मलिक, महेंद्रपाल आर्य, सतबीर सिंह आर्य, रामनिवास फौजी, बिमला आर्या व अनामिका आर्या आदि भी उपस्थित थे।



जींद। प्रवचन करते हुए स्वामी रामवेश। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी के मामले में तीन नामजद

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव खनौदा के अतुल ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 10 मई को शाम के समय वह अपने एक दोस्त के साथ पूंडरी गया हुआ था। वहां पर आरोपी अंकित, रिंकू व आर्यन ने उन पर गंडासियों से हमला कर चोटें मारी। साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी राकेश ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक से गेहूं की 80 बोरी चोरी

**कैथल।** सीवन पुलिस ने ट्रक से बोरी चुराने का मामला दर्ज किया है। कैलरम निवासी सुनील कुमार ने सीवन थाना में शिकायत दी कि तीन मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके सीवन मंडी में खड़े ट्रक से 80 बोरी गेहूं चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान से लाखों की नकदी व जेवरात चुराए

**कैथल।** गांव कठवाड़ से चोर एक मकान से लाखों का सामान चुराकर ले गए। सदर पुलिस को दी शिकायत में गांव कठवाड़ निवासी बाला देवी ने सदर थाना में शिकायत दी कि 24 अप्रैल को वह अपने बेटे से मिलने के लिए पंचकूला गई हुई थी। जब 10 मई को वह अपने घर वापस आई तो पाया कि उसके घर में चोरी हो चुकी थी। अज्ञात आरोपी उनके घर से एक लाख रुपये, सोना-चांदी के गहने और अन्य सामान चोरी कर ले गए। नकदी सहित चोरी हुए सामान की कीमत चार लाख रुपये है। जांच अधिकारी शमशेर ने बताया कि पुलिस ने आरापियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महावीर दल चीका में 19 को लगेगा रक्तदान शिविर

**गुहला-चीका।** यहां महावीर दल चीका में 19 मई को नेकी की दीवार संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सागर भारद्वाज ने बताया कि रक्तदान करने से किसी भी व्यक्ति को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचता अलबत्ता उसे लाभ ही होता है और कोई ओर बीमारी भी उसके पास नहीं फटकती। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिविर में आएं और रक्तदान करें।

### चोरों ने दुकान से हजारों का सामान और गेहूं चुराया

**कैथल।** चीका से चोर एक दुकान से हजारों का सामान चुराकर ले गए। चीका के राजकुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि 10 मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी दुकान का शटर तोडकर घरेलू सामान व पैसे चोरी कर ले गए। उसे 5500 रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार से दूसरे मामले में गांव खरल के जसवंत ने चीका थाना में शिकायत दी कि दो मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी टटियाणा स्थित दुकान से 20 बोरी गेहूं व रुपये चोरी कर ले गए। उसे 14 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांजा फूल पत्ती सप्लाई मामले में सप्लायर काबू

**कैथल।** चौकी अनाज मंडी पुलिस के एएसआई जगबीर सिंह की टीम द्वारा गांजा फूल पत्ती सप्लायर आरोपी सजुमा रोड कलायत निवासी विकास उर्फ विक्की को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को एंटी नारकोटिक सैल पुलिस टीम द्वारा जाखोली अड्डा कैथल से आरोपी सैन्सी बस्ती कैथल निवासी अंकुश को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 470 गांजा फूल पत्ती बरामद हुई थी। थाना शहर में दर्ज मामले की आगामी जांच एएसआई जगबीर सिंह द्वारा अमल में लाई गई। आरोपी अंकुश ने कबूल किया था कि उसको यह गांजा फुल पत्ती विकास उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी।

### हरियाणा शिक्षा बोर्ड का परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत दसवीं का पहला परिणाम हुआ घोषित

**जिले में इस बार परीक्षा परिणाम 96.77 प्रतिशत रहा, विद्यार्थियों में जश्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। अव्वल परीक्षा परिणाम पर खुशी मनाते बीआरडीएम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस बार परीक्षा परिणाम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत घोषित किया गया है। ऐसे में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों के नाम बोर्ड द्वारा घोषित नहीं किए गए हैं। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थी चहक उठे। गौरतलब है कि जिले में इस बार परीक्षा परिणाम 96.77 प्रतिशत रहा। जो बीते वर्ष 65.46 था। बीते वर्ष से 31 प्रतिशत परीक्षा परिणाम अधिक है। जिले में 13750 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 13606 विद्यार्थी पास हुए है। लगभग 144 विद्यार्थी की कंपार्टमेंट आई है। सुबह से ही विद्यार्थी परीक्षा परिणाम देखने के लिए मोबाइल पर नजर जमाए हुए थे। सुबह साढ़े 11 बजे वेबसाइट पर लिंक आया और 10वीं का परीक्षा परिणाम देखने की बच्चे और अभिभावकों में होड़ लग गई। बेहतर परिणाम पर बच्चों ने जमकर खुशी का इजहार किया

#### बीआरडीएम पब्लिक स्कूल में 95 प्रतिशत अंकों के साथ मन्नत रही प्रथम

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में बी.आर.डी.एम.पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ अपने स्वर्णिम इतिहास की पुनरावृति करते हुए शिक्षा क्षेत्र के क्षितिज पर विजय पताका लहराई। विद्यार्थियों ने इस शानदार परीक्षा परिणाम पर स्कूल के प्रागंण में जमकर जश्न मनाया।

शिक्षकों व सहपाठियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशियां मनाई। प्रधानाचार्य डॉ. वरुण जैन ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि मन्नत 95% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान, हर्ष ने 94.4% अंक के साथ द्वितीय और पायल ने 92.4% अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया क उच्तम प्रतिशतता 95%, निम्नतम प्रतिशतता 64% व औसत प्रतिशतता 83.93% रहीक इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय प्रधानाचार्य डॉ. वरुण जैन व मानसी जैन ने अध्यापन की नवीनतम एवं आधुनिक तकनीक तथा अध्यापक-अध्यापिकाओं व छात्र-छात्रों की लगन को दिया। प्रधानाचार्य डॉ. वरुण जैन व मानसी जैन ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित कियाक प्रधानाचार्य ने विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं को भी विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत परिणाम पर शुभ कामनाएं दी और उनकी मेहनत को सराहा।\



कैथल। दसवीं में अव्वल रहे पवनार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पवनार पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**कैथल।** पवनार पब्लिक स्कूल का दसवीं कक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य जोगिंदर दूल ने जानकारी देते हुए बताया कि 43 परीक्षार्थियों में से 35 (81%)विद्यार्थियों ने मैरिट हासिल कर स्कूल तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। परिणाम शत प्रतिशत रहा। 4 विद्यार्थियों ने गणित में तथा 5 विद्यार्थियों ने म्यूजिक में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। 18 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। होनहार छात्रा ज्योति ने 96.8%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मुस्कान जांगड़ा ने 96.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छेजल व हिमांशी ने 96% अंक से तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा विद्यालय को गौरवान्वित किया। मैरिट प्राप्त छात्रों ने अपने गुरुजनों को मिठाई खिलाकर खुशी के पलों को दोगुना किया। विद्यालय की प्रबंधक राजश्री ने शत प्रतिशत परिणाम तथा मैरिट में आए विद्यार्थियों के लिए उनके अध्यापकों, माता- पिता तथा विद्यालय के सफल प्रबंधन को श्रेय देते हुए बधाई दी।



कैथल। प्रथम आने वाली छात्रा अभिभावकों के साथ मुंह मीठा करते हुए व छात्रा।

### आरोही स्कूल के विद्यार्थियों का दसवीं का परिणाम शानदार

**कलायत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा स्थित राजकीय आरोही माडल स्कूल ने बड़ी सफलता हासिल की है। प्रधानाचार्य डा.अश्विनी मंगला ने बताया कि दसवीं कक्षा के सभी 30 विद्यार्थी परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। शिक्षण संस्थान में मुस्कान ने 484 अंक लेकर पहला, रमन ने 469 से दूसरा और स्नेहा ने 467 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर जगह बनाई। बोर्ड के परीक्षा परिणाम में इस उमदा प्रदर्शन ने शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उत्साहित हैं।

## एसएस बाल सदन स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

■ 62 में से 31 छात्रों ने मेरिट सूची में दर्ज करवाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। दसवीं में अव्वल रहे एसएस बाल सदन स्कूल के विद्यार्थी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एस.एस बाल सदन स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया ।कक्षा बारहवीं की तरह कक्षा दसवीं के छात्रों द्वारा बाजी मारी।स्कूल के एम.डी रविभूषण गर्ग ने बताया की कक्षा दसवीं में कुल 62 छात्रों ने परीक्षा दी।जिसमें सभी 31 छात्रों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया।वही 27 छात्रों ने प्रथम श्रेणी एवं 4 छात्र दूसरी श्रेणी से पास गर्ग ने बताया की विद्यालय के छात्र पीयूष वर्मा 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,आशीष शर्मा 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर एवं 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वैभव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गर्ग ने बताया की विद्यालय के छात्र कशिश अग्रवाल,लवली सैनी ,श्रुति सैनी,जॉयल सैनी ,दिव्या,वंदना निबरन,मुस्कान,गरिमा सैनी,कुश कल्याण,पार्थ वत्स,यश वर्मा, रोहनप्रीत सैनी,आदित्य कुमार, तुनशू, जतिन सैनी ,तमन्ना रानी ,अभिजीत कुमार,यतिन राईका अखिल गोयल ,जतिन सैनी ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। एम.डी रविभूषण गर्ग ने कहा कि विद्यालय का शानदार परीक्षा परिणाम अध्यापकों को अथक मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर राजरानी गर्ग, हिमांशु गर्ग, श्रेया गर्ग, कुसुम लता, सपना सिंगल मोनिका मलिक, शोभा सिंगला, मधु सैनी, पूजा सोनी, सुनीता रानी, केशव मोहन,सोनम भाटिया, सिमरन सैनी, सुमन सैनी, मनिता रोहिला, गरिमा रानी मौजूद रहे।

### 100% रहा न्यू टैगोर स्कूल का परीक्षा रिजल्ट

**राजौंद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजौंद ब्लॉक में परचम लहराया। विद्यालय के कुल 45 छात्र छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की जिसमें से 8 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक तथा 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। इस दौरान नैंसी शर्मा ने 493 अंक लेकर राजौंद ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया आर्यन शर्मा ने 491 अंक, प्रीति ढांडा ने 491 अंक लेकर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा राजौंद ब्लॉक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोमल ढांडा ने 489 अंक लेकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौरव सांगवान ने 484 अंक प्राप्त किए अभिनव ढांडा ने 482 अंक प्राप्त किए, महक ने 480 अंक प्राप्त किए, श्रुति ढांडा ने 477 अंक प्राप्त किए। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक हरपाल ढांडा व डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार ढांडा तथा प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री समस्त टैगोर विद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं दी।



कैथल। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पगडी पहनाकर सम्मानित करते स्कूल प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### 100% रहा डी.डी.वाई.का दसवीं परीक्षा परिणाम

**कलायत।** डीडीवाई वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरक पांडवा के प्रधानाचार्य सलिन्द्र सहारण ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हमारे विद्यालय का परिणाम 100% रहा। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय से अबकी बार कुल 51 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी,जिनमें से 20 बच्चों ने मेरिट के साथ तथा शेष सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय की होनहार छात्र माफी सुपुत्री राजकुमार ने 500 में से 488 अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान, सीमा ने 480 अंकों के साथ द्वितीय स्थानतथा पायल ने 479 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल करते हुए अपना तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं इसके साथ-साथ शुभांशु ने भी 476 अंकों के साथ चतुर्थ स्थान हासिल करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस खुशी के मौके पर विद्यालय संस्थापक सुभाष शास्त्री तथा प्रधानाचार्य सलिन्द्र सहारण ने सभी बच्चों और अध्यापकों का मुंह मीठा करवाते हुए बधाई दी।



कलायत। 10वीं में अव्वल रहे डीडीवाई वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक पांडवा के विद्यार्थी।

## टैगोर हाई स्कूल ढांड के 18 विद्यार्थियों ने पाई मैरिट

**कैथल।** वर्ष 2023-2024 टैगोर उच्च विद्यालय ढांड का कक्षा- दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य गुरेदव पंवार ने बताया कि विद्यालय के 32 में से 18 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त की तथा 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रा मानसी रानी पुत्री विक्रम सिंह 484/500 (96.8%) अंक प्राप्त करके विद्यालय और अपने माता- पिता का नाम रोशन किया। इसके अलावा द्वितीय स्थान पर स्नेहा पुत्री सोनू ने 467 तथा वन्शुका पुत्री अशोक कुमार 463 अंक हिसल किए। इसके अलावा कल्पना ने 449, आरजू ने 447, रिया ने 438, सुमित कुमार ने 437, नवीन पोसवाल ने 436, वंश ने 436, साहिल ने 425, हरमन खेपड ने 421, अक्षिता ने 421, खुशी ने 421, अनिकेत पंवार ने 419, जशन पंवार ने 414, शुभदीप कसाना ने 412, वर्षा ने 412, सौरभ पंवार ने 411 अंक हासिल कर मैरिट प्राप्त कर स्कूल व माताल-पिता का नाम रोशन किया है। अच्छे परिणाम के लिए विद्यालय सभी अध्यापकों , माता पिता व विद्यार्थियों को मेहनत का फल बताया।

### आदर्श स्कूल के 31 बच्चों ने की मेरिट हासिल

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में दसवी कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि छात्रा गरिमा ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि गरिमा ने 486 अंक रितिका व स्नेहा ने 483 अंक पाकर द्वितीया स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा धीरज ने 479 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा नैन्सी ने 470 अंक रितिका ने 476 अंक व जन्नत व जसप्रीत 473 अंक प्राप्त किए है तथा 31 विद्यार्थियों ने की मेरिट हासिल व 11 बच्चो ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने इस उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय बच्चों के माता पिता अध्यापकगण व बच्चों की कड़ी मेहनत को दिया तथा प्रधानाचार्य ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गुहला के गांव चाबा में करवाई क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला चीका। विजेता टीमों को ट्राफी देते हुए मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल के गांव चाबा में विदेशों में गए युवाओं व अन्य एनआरआई लोगो के सहयोग से सरदार हरी सिंह नलवा स्पोर्ट्स क्लब चाबा द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट करवाया गया, जिसमें लगभग दो दर्जन टीमों ने भाग लिया। टूनार्मेंट का शुभारंभ समाजसेवी गुरमेल सिंह ने किया। प्रतियोगिता बारे क्लब के सदस्य रणजोध सिंह ने बताया कि गांव के नौजवानों द्वारा करवाया गया यह पहला क्रिकेट टूनार्मेंट था, जिसमें समूचे गांव के लोगों ने बढचढकर भाग लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में रणजोध सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को हार जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए क्योंकि खेलों से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं नशे आदि से भी दूर रहने का मौका मिला रहता है। क्रिकेट टूनार्मेंट में पहला व दूसरा ईनाम क्रमशः 31 हजार व 16 हजार रुपयों के रूप में नगद दिए गए। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि होशियार सिंह, काबल सिंह, सतनाम सिंह, भगवान सिंह, बलबीर सिंह, गुरदीप सिंह व सुबा सिंह आदि लोग भी मौजूद रहे।

### किसानों का एक महाकुंभ सम्मेलन 19 को पाई में

**पाई।** किसानों की समस्यों को लेकर देश- प्रदेश के किसानों का एक महाकुम्भ सम्मेलन 19 मई को पाई की अनाज मंडी में होने जा रहा है। इस आशय कि जानकारी देते हुये भाकियू के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई ने बताया कि देश के प्रधान मंत्री के द्वारा पहले तीन कानून वापस लेते हुये किसानों के हित में कई वायदे किये थे, परन्तु आज तक एक भी वायदा पुरा नही किया गया। प्रधानमंत्रा के द्वारा किये वायदों को पुरा न करने के कारण किसान खनौरी व सिंधु बार्डर पर धरने पर बैठे हुये है। इसके अलावा किसानों को अनेक समस्यायें आ रही है। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिये आगामी रणनीति बनाने के लिये 19 मई को पाई की अनाज मंडी में विशाल किसान सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में संयुक्त किसान मार्चा के नेताओं सहित अन्य किसान संगठन भी हिस्सा ले रहे है।

### ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**राजौंद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक कुलवीर दीक्षित ने बताया कि 10वीं कक्षा मे कुल 99 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिनमें से 40 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है तथा बच्चो ने गणित,सामाजिक तथा पंजाबी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये और 45 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि नेहा ने 500 में से 492 अंक लेकर विधालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है अनुष्का व एकता ने 483 अंक लेकर विद्यालय में सयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया तथा तमन्ना ने 477 अंक लेकर विधालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने बतया कि शिक्षकों के अथक प्रयास और लगन के कारण आज इन्होंने अपनी सफलता का परचम लहराया तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने बच्चो के अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चो के उज्ज्वल भविष्य कि कामना की।



पूंडरी हुडा पार्क में आयोजित यज्ञ में आहुति डालते हुए यजमान।

### माता-पिता का सम्मान स्वर्ग के समान : अनिल

**पूंडरी।** पूंडरी हुडा के महर्षि दयानंद पार्क यज्ञशाला में वेद मंत्रों द्वारा साप्ताहिक सत्संग व हवन का आयोजन पर्यावरण एवं संस्कृति संस्कृति मंच द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में धनपत आर्य व मुख्य यजमान के रूप में शुभम ने अपनी माता नारायणी देवी के साथ भाग लिया। इस मौके पर पर्यावरण एवं संस्कृत संस्कृति मंच के प्रधान अनिल आर्य ने कहा हमारी संस्कृति, हमारी विचारधारा, हमारे संस्कार यह बताते हैं की मातृ दिवस जन्म से लेकर के मृत्यु उपरांत हर दिन माता के नाम होता है। जिस माता ने अपनी कोक से जन्म दिया है। उसका उपकार जब तक इंसान जीता है, तब तक पुरा नहीं कर सकता। हमारी संस्कृति नहीं कहती की एक दिन मातृ दिवस के रूप में मनाया जाए। यह पश्चिम की विदेशी परंपरा लागू करने वाली बातें हैं। जिस घर में माता-पिता का सम्मान होता है वह घर स्वर्ग के समान है।

### बाहर से आने वाले लोग बोर्डों के अभाव में भटक जाते रास्ता

# चीका में टूटे सांकेतिक बोर्ड शहर को बना रहे बदनुमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका




गुहला चीका। कैथल से चीका मार्ग पर टूटा हुआ सांकेतिक बोर्ड।

चीका शहर में मुख्य सडकों पर जगह जगह लगे सांकेतिक बोर्ड वर्तमान में शहर की खूबसूरती को बदनुमा बना रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले यहां सांकेतिक बोर्ड लगाए गए थे परन्तु प्रशासन को लापरवाही के चलते व रखरखाव के अभाव में उक्त बोर्ड पूरी तरह से टूट चुके हैं और उनके फलैक्स उखड़ गए हैं। परंतु प्रशासन द्वारा इस तरफ ध्यान न देना यह दशार्ता है कि अधिकारी अपने काम के प्रति कितने सजग हैं नतीजतन ना तो सम्बन्धित विभाग और न ती उच्च प्रशासकीय अधिकारी टूटे हुए सांकेतिक बोडों को ठीक करवाने की जहमत उठा रहे हैं। इस सम्बन्ध में शहर के कुछ लोगों सतीश कुमार, जितेंद्र गर्ग, अंकित गुप्ता, राज कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप सिंह व शिव कुमार आदि ने बताया कि उक्त बोर्डों को लेकर अधिकारियों की लापरवाही का आलम यह है कि छोटे से छोटा व बड़े से बड़ा अधिकारी हर रोज उक्त बोर्डों के नीचे व पास से गुजरते हैं परंतु न जाने क्यों उनकी निगाह बोडों पर नहीं पड़ रही है।

**कैथल से चीका मुख्य मार्ग पर लगे सांकेतिक बोर्ड का बुरा हाल:** सांकेतिक बोर्डों की तरफ तो प्रशासन का ध्यान है ही नहीं है अलबता इनके टूट-फूट जाने का असर बाहर से आने वाले लोगों पर पड़ रहा है। जब लोग बाहर से आकर चीका में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें पता ही नहीं चलता कि वे चीका शहर में पहुंच चुके हैं। यही नहीं जिन लोगों को चीका के रास्ते से होकर किसी और शहर में जाना होता है, तो उन्हें भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और टूटे हुए सांकेतिक बोर्डों की वजह से वे अपना रास्ता भटक जाते हैं। दूसरी तरफ उक्त परेशानी से उभरने के लिए उन्हें कई बार शहरवासियों अथवा दुकानदारों से रास्ते की जानकारी लेनी पड़ती है। लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि टूटे हुए सांकेतिक बोर्डों को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए ताकि राहगीरों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

#### जल्द ठीक करवाए जाएंगे सांकेतिक बोर्ड

पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के एक्स.ई.एन. वरूण कंसल ने बताया कि उक्त समस्या उनके संज्ञान में है और इस पर जल्द ही कार्रवाई करके टूटे हुए सांकेतिक बोड़ों को ठीक करवा दिया जाएगा ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### रश्मि ने नंदीशाला में गोमाता को लिया गोद

**जींद।** जयंती देवी मंदिर के सामने स्थित नंदीशाला में गौमाता गोद लेने की मुहिम अब आगे बढ़ने लगी है। जींद शहर की कृष्णा कॉलोनी निवासी मीडिया और शिक्षा जगत से जुड़ी रश्मि ने अपनी बेटी निहारिका के साथ नंदीशाला में पहुंच कर स्वामी राघवानंद के आशीर्वाद से एक गौमाता को गोद ले लिया है।

### हवन कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की

**उचाना।** उचाना कलां में रविवार को दादा खेड़ा पर हवन करके ग्रामीणों ने हवन कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना की। गांव के लोगों के सहयोग से हर साल हवन, भंडारे का आयोजन ग्रामीण करते है। ग्रामीणों ने कहा कि हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना की।

### जमीन विवाद में छह घायल, कई पर केस

**जींद।** गांव दनौदाखुर्द में खेत की जबरन जुताई करने का विरोध पर कुछ लोगों ने परिवार पर हमला कर छह लोगों को घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर दर्जनभर लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदा खुर्द निवासी दयावती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका रामकेश परिवार से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा है।

### पिता के हमलावर को किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** गाव बडनपुर में रंजिश के चलते युवक पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है।पु लिस मामले की जांच कर रही है। गांव बडनपुर निवासी राजपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम वह नहर पर घूमने गया हुआ था। उसी दौरान गांव के ही शिव ने उस पर हमला कर दिया।

### पूर्व सीएम मनोहरलाल 14 को चीका में करेंगे रैली

**गुहला चीका।** 14 मई को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर गुहला चीका में कुरुक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल के समर्थन में एक रैली को सम्बोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने बताया कि पूर्व सीएम मनोहर लाल नवीन जिंदल के पक्ष में वोट देने के लिए लोगों से अपील करेंगे।

### दो बच्चों समेत 3 महिलाएं संदिग्ध हालात में गायब

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो बच्चों सहित तीन महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

### मारपीट कर नकदी तथा मोबाइल फोन छीना

**जींद।** सफीदों रोड बाई पास अंडरब्रिज के निकट कार सवार अज्ञात युवकों ने गाड़ी चालक के साथ मारपीट कर पर्स तथा मोबाइल फोन छीन लिया। पर्स में दस हजार रुपये की नगदी तथा जरूरी कागजात थे। सिविल लाइन थाना पुलिस ने चालक की शिकायत पर चार अज्ञात कार सवार युवको के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव सिवाहा निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह जालंधर से गाड़ी में सामान लोड कर खरखौदा जा रहा था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## 8 से 12 मई देहरादून में राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

# अलीशा और दीया ने जीता राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

दोनों ही खिलाड़ियों ने पंजाब, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश व अन्य राज्य के खिलाड़ियों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी की अलीशा और दीया ने जीता राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक। लीजेंड कराटे क्लब के कोच विकास ढलवाल ने बताया कि 8 से 12 मई देहरादून में राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी के पांच खिलाडि?ों ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में अलीशा ने 55 किलोभार वर्ग में सीनियर कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता, अलीशा ने लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक, दिया ढुल ने 50 किलोभार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। दोनों ही खिलाड़ियों ने पंजाब, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश व अन्य राज्य के खिलाड़ियों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों ही खिलाड़ियों का चयन होने वाले राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप व कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के लिए हो गया है। दोनों ही खिलाड़ी लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी में दिन रात अपना पसीना बहाते हैं। दोनों ही खिलाड़ी इससे पहले खेलो इंडिया जैसी बड़ी प्रतियोगिता में मेडल जीत चुके हैं। खिलाड़ियों का पूंडरी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा के प्रधान जयप्रकाश ने दोनों ही खिलाड़ियों की बहुत प्रशंसा की और यह आश्वासन दिया कि यह दोनों खिलाड़ी हमारे देश का झंडा पूरी दुनिया में सबसे ऊपर लहराएंगे। इस मौके पर क्लब के प्रधान बलराज ढलवाल, विशाल, संदीप कुमार व अन्य सदस्य मौजूद रहे।



**पूंडरी।** विजेता खिलाड़ी सम्मान प्राप्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### ढांड में राज्य स्तरीय सुपर सेवन दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**ढांड।** राज्य स्तरीय सुपर सेवन दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल के खेल प्रांगण में प्रतियोगिता के मुख्यातिथि एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने किया। संघ के प्रधान विजय पाल कौल ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-15 व अंडर-23 में प्रदेश भर से 18 टीमों ने भाग लिया है जिसमें करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी, अम्बाला, रोहतक जिलों की टीमें मुख्य रूप से शामिल हैं। आज के अंडर-15 मैच में सोनीपत ने रोहतक को, रेवाड़ी ने कुरुक्षेत्र को तथा कैथल ने करनाल को हराया। इसी तरह अंडर-23 के मैचों में अम्बाला ने कुरुक्षेत्र को, रेवाड़ी ने करनाल को पराजित किया। इस मौके पर प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल मुख्य अतिथि एवं कैथल जिला परिषद के वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल ने भी खेल को खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय फलक पर भी प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आज लोग काफी जागरूक हो गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में भी फुटबॉल, क्रिकेट, तीरंदाजी, वालीबाल सहित अन्य खेलों का आयोजन हो रहा है। बस जरूरत है तो इन खेलों के प्रोत्साहन की ताकि हमारे बच्चे इस तरफ आकर्षित हों। इस अवसर पर सचिव कुलदीप शर्मा, रवि शर्मा पानीपत, अमित मैहला कुरुक्षेत्र आदि मौजूद रहे।

## जिंदगी की पहली टीचर होती है मां : दलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिंदगी की पहली टीचर मां होती है। मां के प्रति प्यार, समपर्ण, आभार और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिये दुनियाभर में मातृ दिवस मनाया जाता है। यह बात आज देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कही। वे अपने पैतृक गांव पोली में अपनी मां से मिलने पंहुचे थे। उन्होंने मां के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। मां ने उन्हें गले से लगा कर आशीर्वाद देते हुए कहा कि तुम आगे बढते रहो और देश सेवा व जरूरत मंदो की यूं ही मदद करते रहो। वहीं दलजीत मलिक ने कहा कि वास्तव में जब बच्चे बड़े हो रहे होते हैं तो हमें जो परिवार के लोगों या रिश्तेदारों से तीज, त्योहारों या किसी अन्य मौके पर पैसे मिले होते हैं, उनको हमारी मां मिट्टी की गुल्लक में डाल कर सेव करना सिखाती हैं। उन्होंने कहा कि वो मां ही होती है जो हमें जिंदगी का पाठ पढाती है। हमें भी चाहिए की हम मां की सेवा व देखभाल करें। वो मां ही होती जिसका प्यार अपनी संतान के लिये कभी कम नहीं होता।

## वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर किया जा सकता है मतदान

- प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। डीसी ने कहा कि देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का आगाज चुनाव का शेडयूल जारी होने के साथ ही हो गया है। वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है। वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।



### भारतीय किसान यूनियन उग्राहां से जुड़े किसानों ने प्रचार के लिए आए कार्यकर्ताओं का किया विरोध

**गुहला-चीका।** भारतीय किसान यूनियन उग्राहां गुट के किसानों ने आज गुहला के गांव रत्ताखेड़ा में भाजपा नेताओं का विरोध किया और उन्हें चुनाव प्रचार नहीं करने दिया। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताअरं को जब कुछ भाजपा नेताओं के गांव में आने की सूचना मिली तो भाकियू कार्यकर्ता इक_ा हो गए और उनके साथ गांव के भी सैकड़ों लोग जमा हो गए और ग्रामीणों ने बाकायदा विरोध की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी वायरल कर दी। जानकारी के अनुसार वोट मांगने के लिए कोई बड़ा नेता गांव में नहीं आया था अलबत्ता सभी भाजपाई स्थानीय कार्यकर्ता ही थे। इस बीच लोगों के विरोध को देखते हुए भाजपा नेता व कार्यकर्ता वोट नहीं मांग सके और उल्टे पांव लौट गए। विरोध के दौरान ग्रामीणों ने कुरुक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी भी की और चेताया कि अभी तो उे नेताओं को वापिस लौटाया है परंतु यदि भाजपा का कोई बड़ा नेता भी गांव में वोट मांगने आया तो उसका हश्र भी इसी प्रकार से होगा।

### मतदाता सूची में शामिल व्यक्ति ही वोट कर सकता: पंवार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि चुनाव में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। जिसका नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर चेक कर सकते हैं।

## शत-प्रतिशत मतदान करके निभाएं देश के प्रति कर्तव्य

- लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए किया गया वॉक-थॉन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीटीएम गुरविंद्र सिंह एवं डीएसपी ललित कुमार ने व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी यानि स्वीप गतिविधि के तहत जवाहर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने शहर वासियों को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई और वॉक-थॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वॉक-थॉन जवाहर पार्क से शुरू होकर लघु सचिवालय पहुंची। सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि वॉक-थॉन कार्यक्रम का आयोजन एक निजी संस्थान द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया है।

डीसी प्रशांत पंवार तथा एडीसी एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी.जया श्रद्धा के मार्ग दर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को यह चुनाव एक त्यौहार के रूप में मनाना चाहिए और अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। घर के कामों को छोड़कर सबसे पहले सभी को मतदान करके लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने फर्ज को निभाना चाहिए। हम सबको समाज के अंदर शत-प्रतिशत मतदान की अलख जगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में एक-एक मत महत्वपूर्ण है।

अपने मत का प्रयोग सोच-समझकर जरूर करें। आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदान होना है, इस दिन सभी को बिना किसी डर, भय और प्रलोभन के अपने मत अधिकार का उपयोग करके देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाएं। डीएसपी ललित कुमार ने कहा कि भारत के संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें सभी को वोट डालने का अधिकार है।


**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह वॉक-थॉन कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए फोटो : हरिभूमि

### आर्य समाज नरवाना ने शुद्धि एंव स्मृद्धि के लिए किया हवन

**नरवाना।** रविवार को आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल और यशपाल आर्य ने ईश्वर स्तुति भक्ति और आराधना के साथ ही महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज का 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से 1947 स्वतंत्रता पर्यंत महान योगदान का उल्लेख एवं यशोधन गीत और भजनों के माध्यम से किया गया। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत शर्मा ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में अद्वितीय एवं अविस्मरणीय योगदान आर्य समाज के महान क्रांतिकारी और बलिदानियों का रहा है। 1857 की क्रांति के उपरांत अंग्रेजों द्वारा इलाहाबाद, कानपुर लखनऊ, दिल्ली, मेरठ अंबाला और लुधियाना के अजनाला इत्यादि में क्रूरतम, प्रचंड एवं भयंकर अत्याचार स्वतंत्रता सेनानियों पर किए गए।

## बीजेपी, जजपा नेताओं से भाकियू करेगी सवाल

- उचाना में हुई प्रदेशस्तरीय मीटिंग में लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में भाकियू हरियाणा की प्रदेशस्तरीय मीटिंग हुई। अध्यक्षता जोगिंद्र घासीराम नैन ने की। जोगिंद्र नैन ने कहा कि भाकियू गांव-गांव, घर-घर जाकर पर्चे बांटों अभियान के तहत पर्चें देगी। इस पर जो-जो सवाल लिखे गए है उनके बारे में लोगों को पढ़कर बताएंगे। गांव में बीजेपी, जेजेपी के प्रचार के लिए कोई भी आए तो उनसे ये सवाल पूछे जाएंगे। लोगों से भी ये सवाल पूछे जाने का आह्वान किया। कोई नहीं सुनता है तो उसे ये पर्चा दिया जाएगा। इस पर्चे में जो सवाल है उनका जबाव मांगा जाएगा। शांतिपूर्वक तरीके से अपने सवाल पूछे, किसी तरह की हुड़दंग बाजी नहीं करनी है। किसी भी तरह की हुड़दंग बाजी करने का फैसला न तो एसकेएम का है न भाकियू हरियाणा का है। 2014 में जो बीजेपी ने वायदे किए थे उसके बारे में इस पर्चे के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया जाएगा। जो वायदे किए थे उसमें से कितने पूरे किए उसके बारे में भी बताया जाएगा। पर्चे के अंदर छह सवाल है। बीजेपी, जेजेपी नेताओं से सवाल किए जाएंगे कि सड़कों पर कीलें लगा कर किसानों को दिल्ली जाने से क्यों रोका, किसान आंदोलन में किसान शुभकरण की हत्या क्यों, अपनी मांगों को लेकर चंडीगढ़ जाकर प्रदर्शन करने का अधिकार क्यों नहीं, लखमीपुर में पांच किसानों को गाड़ी से कुचलकर मारने के आरोपी को टिकट क्यों दी गई, खिलाड़ियों के यौन शोषण के आरोपियों पर कार्यवाही क्यों नहीं, कार्पोरेट को टैक्स में छूट देकर 30 प्रतिशत से 22 प्रतिशत किया तो किसान, मजदूर से लूट क्यों के सवाल है। ये सवाल बीजेपी, जेजेपी नेताओं से पूछे जाएंगे। नैन ने कहा कि अपने हकों के लिए सबको मिलकर संघर्ष करना होगा।


**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर में आयोजित भाकियू हरियाणा की मीटिंग।



### किसान नेता अभिमन्यु कोहाड इंसाफ यात्रा के द्वारा किसानों को कर रहे जागरूक

**नरवाना।** भारतीय किसान नौजवान यूनियन के किसान नेता अभिमन्यु कोहाड के नेतृत्व में इंसाफ यात्रा चली हुई है। जिसमें वह अलग-अलग गावों में जाकर किसानों को अपने हको की मांग के लिए जागरूक कर रहे है। यह यात्रा 7 मई से शुरू हुई है और इस इंसाफ यात्रा का समापन 19 मई को कैथल के पाई गांव में होगा। कोहाड के नेतृत्व में चली इस इंसाफ यात्रा को रविवार को छटा दिन है जो जिसमें उन्होंने नरवाना के विभिन्न गांवो में इस यात्रा को ले जाकर गांवो के किसानों को अपनी मांगो के लिए जागरूक किया। इस मौके पर होशयार गिल कैथल, विकी ढांडा, सुमीत वकील, जुलाना रामेश्वर आजाद कैथल, दलशेर ढाकल, सुरेश जुलेहड़ा, सुनील बदोवाल, रणदीप चहल, जशन गोयत, अमीत कलोढा, राजेश अमरगढ, राजेंद्र अमरगढ़ आदि मौजूद रहे

## अस्पताल में नर्स दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

**नरवाना।** नागरिक अस्पताल में ब्रह्माकुमारीज के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस एंव अंतरराष्ट्रीय मदर-डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संस्था की प्रभारी बीके सीमा बहन, बीके मीना बहन, बीके पूजा बहन, एसएमओ डॉ देवेंद्र बिंदलिश ने कहा कि नर्स सिस्टर का दिल एक मां एंव बहन की तरह ममता, रहम व निस्वार्थ भावना से भरपूर होता है। नर्स के बिना मरीजों की देखभाल संभव ही नहीं है। बीके पूजा बहन ने मेडिटेशन द्वारा तनाव को खत्म करने एंव जीवन को खुशियों से भरपूर करने की विधि बताई। ब्रह्मा कुमारी बहनों ने खतरनाक बिमारियों, दुर्घटनाओं के समय पर भी स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने में योगदान देने के लिए सभी उपस्थित नर्स एवम डॉक्टर के साथ चीफ नर्स ऑफिसर अर्चना देवी, सीनियर नर्स ऑफिसर मंजू बाला, कृष्णा देवी, सुनीता मलिक, सुनीता दूहन, लेडी डॉक्टर डॉ स्वाति, डॉ रिया मित्तल, डॉ मोनिका, आदि मौजूद रहे।

## साहित्य सभा की मासिक काव्य-गोष्ठी संपन्न

# धीरे-धीरे चल जिंदगी, निकलेगा कोई हल जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

साहित्य सभा की मई मासिक की काव्य-गोष्ठी सभा के उप प्रधान कमलेश शर्मा की अध्यक्षता में आरकेएसडी कालेज के अध्यापक-कक्ष में आयोजित की गई। गोष्ठी में जींद से पधारे साहित्यकार जगदीश चंद्र पांचाल ने मुख्य अतिथि के रूप में और अलेवा से पधारे हिंदी-हरियाणवी के मूर्धन्य साहित्यकार कविराज रामकुमार भारतीय ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। गोष्ठी का संचालन गजलकार रिसाल जांगड़ा ने किया। गोष्ठी के आरम्भ में पंजाबी भाषा के साहित्यकार सुरजीत पातर और साहित्य सभा से जुड़े रहे साहित्य-प्रेरक दलीप चंद की धर्मपत्नी सरला देवी के निधन पर शोक प्रकट किया गया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साहित्य सभा के उप प्रधान और साहित्यकार कमलेश शर्मा ने दिवंगत पंजाबी साहित्यकार सुरजीत पातर के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनकी रचनाओं से परिचित करवाया। गोष्ठी के आरंभ में ज़िंदगी को संबोधित करते हुए दिलबाग अकेला ने कहा : धीरे-धीरे चल ज़िंदगी। निकलेगा कोई हल ज़िंदगी। मां के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हुए डॉ. विकास आनन्द ने कहा : मां संवेदना, प्यार, ममतामयी इंसान होती है। बलिदान, सेवा,संस्कार, त्याग की खान होती है। एक सच्चाई से रू-ब-रु करवाते हुए श्याम सुंदर शर्मा गौड़ ने कहा : बाहर के चोरों से बच सकते हैं, घर के चोरों से कभी नहीं। राजनीति पर व्यंग्य करते हुए अनिल गर्ग ने कहा : कुर्सी खातर कुछ भी बोल दे। कुछ भी पचा ले। अपने मतलब की खातर, गधे नै भी बाप बणा ले। खुशी को लेकर रवींद्र रवि ने कहा : जरा सी देर जलती है, खुशी तो फूलझड़ी सी है।माँ के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हुए बलवान कुण्डु सावी ने कहा कितनी दूर रहें मां से, नहीं होतीं हैं दूरियां। इसी कड़ी में मां के प्रति अपने मन के भाव रजनीश शर्मा ने इन शब्दों में प्रकट किए।



**कैथल।** जगदीश चंद्र पांचाल की पुस्तक काव्य त्रिवेणी को प्रदर्शित करते अतिथि-गण एवं स्थानीय साहित्यकार।